Title: Need to provide additional financial assistance to the Government of Rajasthan to deal with the drought situation in the state.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, राजस्थान के अंदर भयंकर अकाल की स्थिति है। इस समय देश के जितने राज्यों में अकाल है, उसमें राजस्थान में अकाल की सबसे विाम स्थिति है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि मई और जून के दो माह शो रह गये हैं। पेयजल की दृटि से, पशुधन को बचाने और उसके लिए चारे की व्यवस्था की दृटि से और लोगों को रोजगार देने की दृटि से यह क्लाइमैक्स पीरियड होता है। लाखों लोगों को अभी काम में लगाना है। मैं चाहूंगा कि राहत कार्यों के लिए केन्द्र सरकार राजस्थान को अविलम्ब अतिरिक्त सहायता प्रदान करे।

मान्यवर, एक और बात की ओर मैं ध्यान आकर्ाित करना चाहूँगा कि वैसे तो केन्द्र सरकार ने राजस्थान को इस भयावह अकाल से निपटने के लिए लाखों लोगों को राहत कार्यों में लगाने, काम पर लगाने, पेयजल समस्या के निवारण और पशुधन की रक्षा करने के लिए उदारतापूर्वक काफी नकद राशि तथा गेहूँ और चारे के रूप में राज्यों को सहायता प्रदान की है, उसके लिए हम हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, लेकिन मई जून में जब तक वर्ाा नहीं होगी, तब तक इन सारे कामों को चलाए रखने की अत्यंत आवश्यकता है। राजस्थान हा कोर्ट ने आदेश दिया है कि कम से कम 25 दिन एक गरीब परिवार के एक व्यक्ति को काम पर लगाया जाए। अभी तक केवल 10 दिन लगाया जा रहा है। इस पर लाखों लोगों को रोज़गार प्रदान करने वाली बात, 25 दिन तक रोज़गार प्रदान करने वाली बात होनी चाहिए। भयावह अकाल के कारण एपीएल और बीपीएल में कोई अंतर नहीं रह गया है। इसलिए दोनों को काम पर लगाने की आवश्यकता है। केवल सड़कों और धूल के कामों में ही नहीं बल्कि अन्य निर्माण कार्यों में भी उनको लगाया जाना चाहिए। आपसे अनुरोध है कि सरकार को निर्देश दें कि अतिरिक्त सहायता राजस्थान को आने वाले दो-ढाई महीनों के लिए विशो रूप से प्रदान करें।